अमर उजाला दि० 12/03/2024

कार्यालयः जिला कार्यक्रम अधिकारी, कौशाम्बी

विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि शासनादेश संख्या 19/2023/3975/ 58-1-2022-2/1(22) 10 टी.सी. दिनांक 21 मार्च, 2023 मे वर्णित व्यवस्थानुसार जनपद कौशाम्बी के शहरी/ग्रामीण परिक्षेत्रों में संचालित बाल विकास परियोजना में आंगनबाड़ी कार्यकत्री के मानदेय पर आधारित रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु सीधी भर्ती प्रक्रिया के तहत विभागीय वेबसाइट http://upanganwadibharti.in पर आनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते है। रिक्त पदो का वार्डवार/परियोजनावार विवरण निम्नवत है:-

क्र.सं.	परियोजना का नाम	ग्रामीण/शहरी	रिक्त पदों का विवरण (आंगनबाड़ी कार्यकत्री)
1.	सिराथू	ग्रामीण/शहरी	50
2.	कड़ा	ग्रामीण/शहरी	09
3.	कनैली	ग्रामीण	17
4.	सरसवां	ग्रामीण/शहरी	26
5.	मंझनपुर	ग्रामीण/शहरी	22
6.	शहर-स्लम	ग्रामीण/शहरी	03
7.	मूरतगंज	ग्रामीण/शहरी	20
8.	चायल	ग्रामीण/शहरी	40
9.	नेवादा	ग्रामीण	03
		योग -......................	190

उपरोक्त पदों का ग्राम सभा/वार्डवार विवरण एवं आरक्षण सहित अर्हता का पूर्ण विवरण जनपद के कलेक्ट्रेट, विकास भवन, तहसील एवं विकास खण्ड इत्यादि कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गयी है। साथ ही विभागीय वेबसाइट http://upanganwadibharti.in पर अपलोड है।

विज्ञप्ति पदों की अर्हता एवं आवेदन पत्र भरने हेतु विशेष निर्देशः-

1. विज्ञप्ति पदों हेतु केवल महिला अभ्यर्थी ही पात्र होगें।
2. रिक्त पदों आगनबाड़ी कार्यकत्री हेतु न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट एवं उसके समकक्ष होगी।
3. आवेदिका को रिक्त पद के वार्ड/ग्रामसभा की स्थाई निवासी एवं ग्राम सभा में उक्त श्रेणी में पात्र अभ्यर्थी उपलब्ध न होने की स्थिति में सम्बन्धित न्यायपंचायत की स्थायी निवासी होना अनिवार्य होगा।
4. आवेदिका की आयु निर्धारित कटआफ तिथि को न्यूनतम 18 वर्ष एवं 35 वर्ष से अधिक नही होनी चाहिए।
5. विज्ञप्ति पदों हेतु केवल विभागीय वेबसाइट http://upanganwadibharti.in पर आनलाइन आवेदन पर फार्म निर्धारित समयावधि के अन्दर ही स्वीकार्य होगें। आफलाइन आवेदन पत्र किसी भी दशा में मान्य /स्वीकार नही किए जायेंगें।
6. विज्ञप्ति पदों हेतु आनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 01.04.2024 मध्यरात्रि 12.00 बजे तक होगी।
7. उपरोक्त विज्ञप्ति पदों की अर्हता एवं आवेदन करने की प्रक्रिया सहित विस्तृत प्रपत्र एवं सूचना विभागीय वेबसाइट http://upanganwadibharti.in पर उपलब्ध है। साथ ही अधिक जानकारी हेतु विकास खण्ड के बाल विकास परियोजना कार्यालय अथवा विकास भवन में जिला कार्यक्रम अधिकारी (बाल विकास विभाग) कार्यालय से कार्यालय दिवस में निर्धारित समयानुसार जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

पत्र संख्या 1629-30/ जि०का०अ०/ बा०वि०परि०/विज्ञप्ति/2023-24
दिनांक 11 मार्च, 2024

(सुरेश कुमार गुप्ता)
जिला कार्यक्रम अधिकारी, कौशाम्बी